दैनिक नवज्योति
उदयपुर ■ शुक्रवार ■ 26 अप्रेल, 2019

निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण संपन्न

उदयपुर। खांजीपीर क्षेत्र में फोस्टर केयर सोसायटी व राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क 6 माह का सिलाई प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हस्तशिल्प मंत्रालय के सहायक निदेशक रजत वर्मा, विशिष्ट अतिथि वार्ड संख्या 41 पार्षद पारस सिघंवी और समाजसेबी जमनालाल थे। इस मौके पर 61 प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल, 2019 | 05

महिलाओं को दिया सिलाई प्रशिक्षण

उदयपुर | फॉस्टर केयर सोसायटी और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के साझे में खांजीपीर क्षेत्र में महिलाओं को 6 माह का सिलाई प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन पर गुरुवार को हुए कार्यक्रम में 61 प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित दिए गए। मुख्य अतिथि रजत वर्मा और विशिष्ट अतिथि पार्षद पारस सिंघवी थे।